प्रेस को सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 13/2022)

<u>तत्काल प्रकाशन के लिए</u>

<u>भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण</u>

'भारत में नेटवर्किंग और दूरसंचार उपकरण निर्माण को बढ़ावा देने' पर भादूविप्रा के परामर्श पत्र पर टिप्पणियां/प्रति-टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि का विस्तार

नई दिल्ली, 11 मार्च, 2022: भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने 11.02.2022 को 'भारत में नेटवर्किंग और दूरसंचार उपकरण निर्माण को बढ़ावा देना' शीर्षक से एक परामर्श पत्र जारी किया था। हितधारकों से परामर्श पत्र में उठाए गए मुद्दों पर टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 11 मार्च 2022 और प्रति टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 25 मार्च 2022 निर्धारित की गई थी।

2. चूंकि इस मुद्दे के लिए विशेषज्ञों/विश्लेषकों से व्यापक परामर्श और राय की आवश्यकता है और निर्धारित समय सीमा तक अपनी प्रतिक्रिया प्रदान करने में कठिनाइयां हैं, टिप्पणियों को प्रस्तुत करने के लिए समय बढ़ाने के लिए हितधारकों से प्राप्त अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए, लिखित टिप्पणियों और प्रति टिप्पणियों को जमा करने की अंतिम तिथि को क्रमशः 1 अप्रैल 2022 और 18 अप्रैल 2022 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। समय सीमा को बढ़ाने के लिए किसी और अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

3. टिप्पणियों और प्रति टिप्पणियों को अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक रूप में advbbpa@trai.gov.in पर और एक प्रति को jtadvbbpa-3@trai.gov.in पर भेजा जा सकता है।

4. किसी भी स्पष्टीकरण/सूचना के लिए श्री संजीव कुमार शर्मा, सलाहकार (ब्रॉडबैंड और नीति विश्लेषण), भादूविप्रा से टेलीफोन नंबर +91-11-23236119 पर संपर्क किया जा सकता है।

वि.र

(वी. रघुनंदन)
सचिव, भादूविप्रा